
# तेल कंपनियां खरीदेंगी 133 करोड़ लीटर एथेनॉल

**बीएस संवाददाता**
नई दिल्ली, 23 अगस्त



तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल के साथ मिश्रण के लिए 133 करोड़ लीटर एथेनॉल की खरीद के लिए नई निविदा जारी की है।

पेट्रोलियम मंत्री एम वीरप्पा मोइली ने आज लोकसभा को बताया कि तेल कंपनियां अक्टूबर 2013 तक पेट्रोल के साथ 5 फीसदी एथेनॉल मिश्रण की जरूरी अनिवार्यता को पूरा किए जाने के लिए देश के उन इलाकों में घरेलू स्रोतों से एथेनॉल खरीदेंगी जहां एथेनॉल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। नई निविदा 22 जुलाई को जारी की गई थी।

सरकार ने नवंबर 2006 में उत्तर-पूर्वी राज्यों, जम्मू-कश्मीर, अंडमान और निकोबार द्वीप और लक्षद्वीप को छोड़ कर पूरे देश में एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम शुरू किया था। पेट्रोल के साथ एथेनॉल के मिश्रण से कच्चे तेल के आयात पर काफी कम प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि पेट्रोल डिस्टिलेशन प्रक्रियाओं का एकमात्र सहायक उत्पाद है और एथेनॉल की कुल ब्लेंडिंग को 5 फीसदी पर सीमित किया गया है। मोइली ने कहा कि एथेनॉल की खरीद कीमत तेल विपणन कंपनियों और एथेनॉल आपूर्तिकर्ताओं द्वारा तय की जाएगी।

5 प्रतिशत मिश्रण के लिए 105 करोड़ लीटर की सालाना जरूरत के लिए पहली निविदा जनवरी में जारी की गई थी। निविदा में भागीदार बने लगभग 64 विक्रेताओं ने 55 करोड़ लीटर एथेनॉल की पेशकश की थी। लेकिन तेल कंपनियों द्वारा दूसरी वैश्विक निविदा ऊंची कीमतों (चार आपूर्तिकर्ताओं से 62 करोड़ लीटर के लिए 69.50-92 रुपये प्रति लीटर) की वजह से कम आकर्षक दिख रही है। आईएनडीएसईसी सिक्योरिटीज एंड फाइनैंस की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में एथेनॉल की उपलब्धता कोई समस्या नहीं है। 5 प्रतिशत के मिश्रण की अनिवार्यता के साथ भारत को पेट्रोल के साथ मिश्रण के लिए 87.1 करोड़ लीटर एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल (ईएनए) की जरूरत होगी।

3 अगस्त को तेल कंपनियों ने 32.72 करोड़ लीटर के लिए 218 आशय पत्र जारी किए थे और 29.42 करोड़ लीटर के लिए 199 खरीदारी ऑर्डर दिए गए।

बिजनेस स्टैन्डर्ड
24/8/13